# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
## Rajasthan State Pollution Control Board
Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone : 0141-5159699, 5159604 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in
TollFree HelpLine No. : 18001806127


क्रमांकः एफ III (591)/रा.प्र.नि.मं./स्था./SPL-3 दिनांक :21.05.2021

## कार्यालय आदेश

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कर्मचारी सेवा नियम एवं विनियम, 1993 तथा यथा संशोधित नियमों के अन्तर्गत कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के रिक्त पदों पर जारी विज्ञप्ति विज्ञापन संख्या प03(561)राप्रनिमं/स्था/सीधी भर्ती/2020/2205 दिनांक 21–12–2020, समसंख्यक कार्यालय आदेश क्रमांक 3084 दिनांक 12–3–2021 एवं समसंख्यक संशोधित आदेश क्रमांक 17 दिनांक 05–04–2021 के क्रम में सीधी भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा, 2020 में सफल घोषित किये गये अभ्यार्थियों के जारी अस्थाई (Provisional) परीक्षा परिणाम के क्रम में कार्यालय आदेश क्रमांकः एफ III (591)/रा.प्र.नि.मं./स्था./ 181 दिनांकः 22 अप्रेल, 2021 एवं समसंख्यक कार्यालय आदेश क्रमांक एसपीएल 2 दिनांक 03–05–2021 के द्वारा जारी नियुक्ति आदेश **के अतिक्रमण में** निम्नांकित अभ्यार्थियों को कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 20–01–2006 एवं वित्त वित्त(नियम) विभाग की अधिसूचना क्रमांक प015(1) वित्त/नियम/2017 दिनांक 30–10–2017 के अनुसार दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षाणार्थी (Probationer-Trainee) कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में नियत पारिश्रमिक रूपये 31,100/– (शब्दो में इकतीस हजार एक सौ रूपये मात्र) प्रतिमाह अथवा जो अभ्यर्थी पूर्व से नियमित राज्य सेवा में कार्यरत हैं, उनके सन्दर्भ में वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक प01(2)एफडी/रूल्स/06 दिनांक 13–3–2006 के अनुसार देय वेतन भत्तों पर उनके द्वारा उपस्थिति देने की संगत तिथि से एतद् द्वारा नियुक्त किया जाता हैं :–

| क0सं0 | रोल नम्बर | अभ्यर्थी का नाम<br>श्री/सुश्री/श्रीमती | वर्ग/श्रेणी | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 204938 | शिवेन्द्र सिंह | | 20–12–1983 |
| 2. | 202158 | आस्था शर्मा | ई0डब्ल्यू0एस0 (महिला) | 28–07–1997 |
| 3. | 203436 | प्रकाश चन्द बलीवाल | बी0सी0 | 04–06–1993 |
| 4. | 200962 | संजय कुमार सिंह | | 18–11–1984 |
| 5. | 203443 | कोमल पंच | महिला | 02–05–1996 |
| 6. | 204002 | अनुराग शर्मा | | 26–08–1992 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | 205023 | सुमित दहिया | | 17—03—1994 |
| 8. | 202632 | ऋषभ देव मिश्रा | | 10—07—1997 |
| 9. | 201982 | छवि कुमार जांगिड़ | बी0सी0 | 10—01—1996 |
| 10. | 201570 | प्रियांशी तिवारी | महिला | 04—11—1997 |
| 11. | 201520 | भूपेन्द्र कुमार शर्मा | ई0डब्ल्यू0एस0 | 01—07—1992 |
| 12. | 204131 | राजवीर कसाना | एम0बी0सी0 | 16—11—1996 |
| 13. | 202057 | अंकित कुमार शर्मा | ई0डब्ल्यू0एस0 | 06—04—1995 |
| 14. | 204289 | अश्वनीकुमार बेनीवाल | बी0सी0 | 16—04—1993 |
| 15. | 203194 | अंकित कुमार | बी0सी0 | 16—11—1999 |
| 16. | 203854 | उदित सोनी | बी0सी0 | 06—06—1986 |
| 17. | 205219 | कैलाश दान | बी0सी0 | 10—07—1994 |
| 18. | 203005 | मान सिंह | ई0डब्ल्यू0एस0 | 31—01—1991 |
| 19. | 201070 | वीनू सिंघल | एस0सी0 महिला | 20—11—1994 |
| 20. | 203560 | स्मिता | बी0सी0 महिला | 26—09—1990 |
| 21. | 202714 | सुमन कुमारी | बी0सी0 महिला | 20—09—1996 |
| 22. | 204099 | इतिशा बबेरवाल | एस0सी0 महिला | 28—09—1991 |
| 23. | 204683 | निरंजन अटल | एस0सी0 | 03—07—2000 |
| 24. | 204749 | प्रद्युमन सिंह | एस0टी0 | 02—12—1993 |
| 25. | 205305 | सूर्य प्रताप मीणा | एस0टी0 | 28—11—1998 |
| 26. | 202340 | चेतन कुमार आर्य | एस0सी0 | 15—09—1999 |
| 27. | 200604 | कृतिका सोमावत | एस0टी0 महिला | 29—09—1998 |
| 28. | 203841 | अंकुर मीणा | एस0टी0 | 10—08—1997 |
| 29. | 204133 | राज कुमार मीणा | एस0टी0 | 05—01—1997 |
| 30. | 201719 | श्वेता दाधिच | (विधवा) महिला | 23—10—1991 |

उक्त नियुक्तियॅा निम्नलिखित शर्तो के अधीन की जा रही हैं:—

| | |
|---|---|
| ª1 | यह नियुक्तियॅा माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में विचाराधीन एस0बी0 सिविल रिट पिटीशन संख्या 5994/2021 सरोज चौधरी बनाम राजस्थान राज्य एवं माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर में विचाराधीन एस0बी0 सिविल रिट पिटीशन संख्या 3027/2021 सन्तोष कुमार बनाम राजस्थान राज्य के अन्तिम निणयों के अध्यधीन रहेगी। |
| 2 | एस0बी0 सिविल रिट पिटीशन संख्या 4997/2021 मेघा चौहान पुत्री श्री राज सिंह बनाम राजस्थान राज्य में माननीय उच्च न्यायालय आदेश दिनांक 18—5—2021 की अनुपालना में सामान्य वर्ग में अस्थाई (Provisional) चयनित अभ्यार्थियों की नियुक्ति में से सामान्य वर्ग के एक पद को रिक्त रखते हुए इस पद पर नियुक्ति उक्त प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय के अन्तिम निर्णय तक लम्बित रखी जाती है। |

| | |
|---|---|
| 3 | एस0बी0 सिविल रिट पिटीशन संख्या 5466/2021 लीलाधर सैनी बनाम राजस्थान राज्य में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 6–5–2021 की अनुपालना में बी0सी0 (BC) वर्ग में अस्थाई (Provisional) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति में से बी0सी0 (BC) वर्ग का एक पद निशक्तजन (पी0एच0) के लिए रिक्त रखते हुए इस पद पर नियुक्ति उक्त प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय के अन्तिम निर्णय तक लम्बित रखी जाती है। |
| 4 | एस0बी0 सिविल रिट पिटीशन संख्या 5501/2021 संदीप कुमार पुत्र श्री देवा राम बनाम राजस्थान राज्य में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 7–5–2021 की अनुपालना में एस0सी0 (SC) वर्ग में अस्थाई (Provisional) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति में से एस0सी0 (SC) वर्ग का एक पद निशक्तजन (पी0एच0) के लिए रिक्त रखते हुए इस पद पर नियुक्ति उक्त प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय के अन्तिम निर्णय तक लम्बित रखी जाती है। |
| 5 | परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक प012(6) वित्त/नियम/05 दिनांक 13–3–2006, प06(6)वित्त/नियम/2005 दिनांक 13–3–2006 प01(2)वित्त/ नियम/2006 दिनांक 13–3–2006, प013(1) वित्त/नियम/2003 दिनांक 13–3–2006 तथा राजस्थान सिविल सेवा (संशोधित वेतनमान) नियम 2006 दिनांक 30–10–2017 के अन्तर्गत नियत पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) के हकदार होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य भत्ते देय नहीं होगे। यह पारिश्रमिक माननीय उच्चतम न्यायालय में लंम्बित एसएलपी 25565/2015 राजस्थान राज्य बनाम गोपाल कुमावत के निर्णय के अध्यधीन होगा। |
| 6 | परिवीक्षा काल (Probationer-Period) में इन्हें कोई वार्षिक वेतन वृद्धि देय नहीं होगी। |
| 7 | उक्त अभ्यर्थियों की नियुक्तियॉ उनके चरित्र प्रमाण पत्र, मण्डल द्वारा संतोषजनक पाये जाने के अध्यधीन होगी। यदि किसी अभ्यर्थी का चरित्र प्रमाण पत्र संतोषजनक नहीं पाया गया तो उसके नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए जायेंगे। |
| 8 | उक्त अभ्यार्थियों की जन्म तारीख वहीं है, जो इन्होंने परीक्षा में आवेदन पत्रों के प्रारूप में अंकित की गई थी और जिन्हें सम्यक सत्यापन के बाद स्वीकार किया गया है। |
| 9 | अभ्यर्थी को दो वर्ष का कार्य सफलता पूर्वक करने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर नियमानुसार पे मैट्रिक्स लेवल–12 में 31,100/–रूपये एवं नियमानुसार अन्य भत्ते देय होंगे। |
| 10 | यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी आधार पर है, परन्तु मण्डल द्वारा इन्हें स्थाईकरण के लिए उपयुक्त समझे जाने की दशा में इनको राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कर्मचारी सेवा नियम एवं विनियम, 1993 तथा यथा संशोधित नियमों के अन्तर्गत स्थाई आधार पर नियुक्त किया जा सकेगा। |
| 11 | यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त अभ्यार्थियों की नियुक्तिया राजस्थानराज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कर्मचारी सेवा नियम एवं विनियम, 1993 तथा यथा संशोधित नियमों/उपबन्धों एवं और अपेक्षाओं के सम्बन्धित सेवा नियम एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं शर्तो के अध्यधीन है। |

| | |
|---|---|
| 12 | यदि किसी कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी का कार्य परिवीक्षाकाल में असंतोषजनक पाया गया या ऐसा प्रतीत हुआ कि वह कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के कार्य दक्षता प्राप्त नहीं कर सकता है तो उसे अविलम्ब पद से मुक्त ;क्पेबीं।तळम्द्ध किया जा सकेगा। |
| 13 | राजस्थान यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार सेवा ग्रहण पर यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। |
| 14 | उक्त अभ्यर्थियों में से कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर अपनी उपस्थिति नहीं दर्शाता है एवं मण्डल की लिखित अनुमति के पश्चात् निर्धारित समयावधि में अपनी उपस्थिति रिपोर्ट नहीं देता है और न ही किसी प्रकार की सूचना प्रेषित करता है तो उसके नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। |
| 15 | नियुक्ति के पश्चात् भी किसी बोर्ड/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को विधि सम्मत मान्यता नहीं होने की स्थिति में अथवा उसके द्वारा जारी योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र में शैक्षणिक/तकनीकी खामियॉ पाये जाने पर सेवायें समाप्त कर दी जावेगी। |
| 16 | अभ्यर्थियों को कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालाना डूॅगरी, जयपुर के कार्यालय में दिनांक 26 मई 2021 से 28 मई 2021 के मध्य अपनी उपस्थिति दर्शानी होगी एवं उपस्थिति रिपोर्ट के साथ शपथ पत्र (सलग्न प्रारूप में) एवं निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने होगेः— |
| | 1—विवाहित अभ्यर्थियों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र |
| | 2—पुलिस सत्यापन रिपोर्ट— चरित्र प्रमाण पत्र मूल |
| | 3—राजपत्रित अधिकारियों के अलग—अलग दो चरित्र प्रमाण पत्र मूल |
| | 4—मुख्य चिकित्सा अधिकारी या इसके समकक्ष चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण मूल |
| | 5—कोविड—19 के अन्तर्गत ''कोरोना नेगेटिव जॉच रिपोर्ट'' जो 72 धन्टे से अधिक पुरानी न हो। |

(डॉ॰ गोबिन्द सागर भारद्वाज)

**सदस्य सचिव**

क्रमांकः एफ।।(591)/रा.प्र.नि.मं./स्था./SPL-3 दिनांक :21.05.2021

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु —

1—निजी सचिव, अध्यक्ष महोदया, रा॰प्र॰नि॰मं॰, जयपुर।
2—अतिरिक्त निजी सचिव, सदस्य सचिव, रा॰प्र॰नि॰मं॰, जयपुर।
3—कार्यालयाध्यक्ष, रा॰प्र॰नि॰मं॰, जयपुर।
4—आहरण एवं वितरण अधिकारी, रा॰प्र॰नि॰मं॰, जयपुर।
5—श्री
6—कार्यालय प्रति/व्यक्तिगत पत्रावली

**सदस्य सचिव**